उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 472/2022   **संवाद–227**   दिनांक /Date.: 10/06/2022

विषयः– **जनपद–रुद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तरकाशी में पुलिस कांस्टेबल शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित कराए जाने के संबंध में।**

प्रिय अभ्यर्थियों,

प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल के पद पर चयन हेतु 10 जिलों में शारीरिक दक्षता परीक्षा अप्रैल–माह से शुरू कर दी गई थी, किन्तु चारधाम–यात्रा की व्यस्तता के कारण 03 जिलों यथा–रूद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तरकाशी में यह भर्ती परीक्षा नहीं शुरू नहीं हो पायी थी।

दिनांकः15 जून, 2022 से इन तीन जिलों में भी पुलिस कांस्टेबल पद की शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रारम्भ की जा रही है एवं इनके लिए तीन जिलों में अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग की वैबसाइट पर प्रकाशित कर दिये गये हैं। इन तीन जिलों में क्रमशः दो–दो स्थानों पर शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन कराया जा रहा है। उपरोक्त तीन जिलों के स्थानों का विवरण तथा इनमें अभ्यर्थियों की संख्या का विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.सं.	जिले का नाम	शारीरिक दक्षता परीक्षण का स्थान	स्थानवार कुल अभ्यर्थी	कुल योग
1.	रुद्रप्रयाग	1–गुलाब राय मैदान, रुद्रप्रयाग (पुरूष अभ्यर्थियों के लिए)	4844	7470
		2–पुलिस लाईन रत्यूड़ा, रुद्रप्रयाग (महिला अभ्यर्थियों के लिए)	2626	
2.	चमोली	1–पुलिस लाईन गोपेश्वर, (पुरूष अभ्यर्थियों के लिए)	7092	11429
		2–स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर, (महिला अभ्यर्थियों के लिए)	4337	
3.	उत्तरकाशी	1–स्पोर्ट्स स्टेडियम, मनेरा उत्तरकाशी, (पुरूष अभ्यर्थियों के लिए)	7699	11821
		2–पुलिस लाईन ज्ञानसू, उत्तरकाशी, (महिला अभ्यर्थियों के लिए)	4122	

पुरूष अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांकः 15.06.2022 से प्रारंभ होगी तथा महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा दि0.20.06.2022 से उपरोक्त तीन जिलों में प्रारंभ होगी।

अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा है कि वे अपने प्रवेश–पत्र डाउनलॉड व प्रिंट करा लें तथा शारीरिक माप–जोख में छूट संबंधी प्रमाण–पत्रों के साथ–साथ अपना फोटो–पहचान पत्र व 02 फोटो ग्राफ्स के साथ प्रवेश–पत्र मे निर्धारित तिथि को अपने लिए आवंटित शारीरिक दक्षता परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय पर उपस्थित होगें।

आयोग की ओर से,

10/6/22

(संतोष बडोनी)
सचिव,